nandgaon times march-24-5.qxd 3/23/2026 11:56 PM Page 1

asianpaints
सभी रेंज किफायती दाम में उपलब्ध
अधिकृत विक्रेता
अरूणोदय एजेंसीज
महावीर चौक, राजनांदगांव
93296-47047

डोंगरगांव में जिला स्तरीय मां कर्मा जयंती... पृष्ठ 2
पत्रकारों की सुरक्षा सरकार की प्राथमिकता... पृष्ठ 3

# नांदगांव टाइम्स

NIPPON PAINT
एशिया पैसिफिक का नंबर 1 पेंट*
अधिकृत विक्रेता
अरूणोदय एजेंसीज
महावीर चौक, राजनांदगांव
93296-47047

मंगलवार, 24 मार्च 2026, राजनांदगांव | आरएनआई 30910/76 | वर्ष 50, अंक 159, पृष्ठ 04, मूल्य 3 रुपए

## नियमों की धज्जियां उड़ाकर फल-फूल रहा 'राजदूत बार': अवैध कब्जे के साथ मानकों में भी भारी सेंध

### जांच की उठी मांग, बार लाइसेंस देने में आमादा विभाग प्रशासन को रख रहा अंधेरे में

**राजनांदगांव (नांदगांव टाइम्स)।** शहर के जी.ई. रोड स्थित 'होटल बार राजदूत एण्ड रेस्टोरेंट' के संचालन को लेकर एक नया और बड़ा खुलासा हुआ है। बार न केवल दूसरों की जमीन पर अवैध कब्जे (अतिक्रमण) पर खड़ा है, बल्कि आबकारी विभाग द्वारा निर्धारित अनिवार्य मापदंडों को भी ठेंगा दिखा रहा है। शिकायतकर्ता अभय कोटडिया ने दस्तावेजों के साथ दावा किया है कि विभाग के उच्चाधिकारियों को अंधेरे में रखकर लाइसेंस देने की तैयारी की जा रही है, जिसकी जांच अब राज्य आर्थिक अपराध ब्यूरो (EOW) और प्रवर्तन निदेशालय (ED) से कराने की मांग उठी है।

**मानकों का मखौल: कागजों में**

'सर्वसुविधायुक्त', हकीकत में 'जर्जर' शिकायत में राजदूत बार के संचालन में निम्नलिखित गंभीर कमियों का उल्लेख किया गया है: किचन और जल व्यवस्था: नियमों के विपरीत बार में किचन की कोई समुचित व्यवस्था नहीं है। साथ ही 24 घंटे शुद्ध पेयजल की उपलब्धता भी संदिग्ध है।

**FSSAI लाइसेंस का अभाव:**

खाद्य सुरक्षा के मानकों को ताक पर रखते हुए, गत वर्ष का FSSAI लाइसेंस भी प्रस्तुत नहीं किया गया है।

**आवास और लाउंज :**

बार के लिए 'सर्वसुविधायुक्त लाउंज' और रुकने की व्यवस्था अनिवार्य है, जो यहाँ धरातल पर मौजूद नहीं है।

**जर्जर भवन और सुरक्षा:**

बिल्डिंग की हालत अत्यंत जर्जर है, जिससे कभी भी बड़ी दुर्घटना हो सकती है। सबसे चौंकाने वाली बात यह है कि संस्थान के पास अग्निशमन विभाग (Fire Safety) का वैध प्रमाण पत्र भी नहीं है। शपथ पत्र में 'झूठ' और विभागीय रिपोर्ट की पुष्टि आबकारी नियमों के अनुसार, लाइसेंस हेतु दिए जाने वाले शपथ पत्र की कंडिका 7 के तहत स्थल 'आपत्ति रहित' होना चाहिए।

**शिकायतकर्ता का आरोप है**

की संचालक ने इस संबंध में झूठा शपथ पत्र दिया है। **महत्वपूर्ण तथ्य:** स्वयं आबकारी विभाग के उपायुक्त (राजस्व), दुर्ग संभाग ने अपनी जांच प्रतिवेदन (दिनांक 07.08.2025) में यह स्पष्ट किया है कि बार का निर्माण खरीदी गई भूमि से अधिक क्षेत्र (अतिक्रमण) पर है, जो स्पष्ट रूप से नियमों का उल्लंघन है।




GST की गड़बड़ी और प्रशासन को गुमराह करने का आरोप

?दस्तावेजों में यह भी सामने आया है कि गत वर्ष GST रिटर्न में भी गड़बड़ी की गई है। जमीन मालिक के साथ चल रहे कानूनी विवाद और इतनी सारी खामियों के बावजूद, आबकारी विभाग द्वारा कलेक्टर को वस्तुस्थिति से अवगत कराए बिना लाइसेंस देने की जल्दबाजी पर सवाल उठ रहे हैं। स्थानीय निवासी अभय कोटडिया द्वारा आबकारी विभाग को सौंपे गए दस्तावेजों और शिकायतों में बार संचालक पर दूसरों की जमीन पर अवैध कब्जा कर निर्माण करने के गंभीर आरोप लगाए गए हैं।

**क्या है पूरा मामला?**

शिकायतकर्ता अभय कोटडिया के अनुसार, राजदूत बार की संचालिका दीपा बग्गा के नाम पर खसरा नंबर 274/5 में केवल 0.0490 हेक्टेयर भूमि दर्ज है। लेकिन, हाल ही में हुई राजस्व विभाग की पैमाइश और सीमांकन रिपोर्ट में यह सामने आया है कि मौके पर उन्होंने कुल 0.0657 हेक्टेयर भूमि पर पक्का निर्माण कर कब्जा कर रखा है। यह उनकी खरीदी गई भूमि से 0.0167 हेक्टेयर (लगभग 1800 वर्ग फीट) अधिक है।

**पड़ोसी की जमीन पर कब्जे का आरोप**

शिकायत में यह भी उल्लेख किया गया है कि सीमांकन रिपोर्ट (दिनांक 23.01.2025) के अनुसार, बार प्रबंधन ने पड़ोसी भू-स्वामी अभय कोटडिया की .0167 हेक्टेयर जमीन पर भी अवैध कब्जा कर रखा है। शिकायतकर्ता का तर्क है कि आबकारी नियमों के तहत बार संचालन के लिए निर्धारित क्षेत्र 'विवाद रहित' होना चाहिए, जबकि यहाँ स्पष्ट रूप से अतिक्रमण पाया गया है।

**आबकारी विभाग की कार्यवाही**

दस्तावेजों से पता चलता है कि आबकारी विभाग ने इस मामले में जांच रिपोर्ट तैयार की है। विभाग के अनुसार: बार का संचालन पहले प्रभजीत सिंह बग्गा द्वारा किया जा रहा था, जिन्होंने वर्ष 2025-26 के लिए इसे अपने छोटे भाई हितेन्द्र बग्गा के नाम ट्रांसफर करने हेतु शपथ पत्र दिया था। सहायक आयुक्त आबकारी कार्यालय द्वारा जारी पत्रों में स्पष्ट किया गया है कि यदि बार संचालक सीमांकन रिपोर्ट से असंतुष्ट हैं, तो उन्हें सक्षम न्यायालय में चुनौती देनी चाहिए। वर्तमान में, वर्ष 2026-27 के लिए लाइसेंस आवेदन की प्रक्रिया के बीच शिकायतकर्ता ने पुन: आपत्ति दर्ज कराते हुए आवेदन को निरस्त करने की मांग की है।

**नियमों के उल्लंघन का दावा**

शिकायतकर्ता का कहना है कि लाइसेंस नवीनीकरण के लिए प्रस्तुत शपथ पत्र में गलत जानकारी दी गई है। नियमों के अनुसार, यदि बार का निर्माण अवैध भूमि पर है, तो वह आबकारी लाइसेंस प्राप्त करने की पात्रता नहीं रखता। इस मामले में अब सबकी नजरें आबकारी विभाग और जिला प्रशासन के अगले कदम पर टिकी हैं। क्या विभाग इस अतिक्रमण को देखते हुए लाइसेंस रद्द करेगा, या बार संचालक न्यायालय की शरण लेंगे, यह आने वाले समय में स्पष्ट होगा।

## वेस्ट जोन अस्मिता हाकी लीग सब जूनियर बालिका वर्ग का आज फाइनल मुकाबला एवं समापन समारोह

**राजनांदगांव (नांदगांव टाइम्स)।** हाकी इंडिया और खेलों इंडिया के मार्गदर्शन में छत्तीसगढ़ हाकी द्वारा च्अस्मिता वेस्ट जोन हाक़ी लीग का आयोजन कल दिनांक 20 मार्च से 24 मार्च तक स्थानीय अंतर्राष्ट्रीय हाकी स्टेडियम में आयोजित किया जा रहा है,। एक विज्ञप्ति में छत्तीसगढ़ हाकी के महासचिव मनीष श्रीवास्तव ने बताया कि महिला हॉकी को प्रोत्साहन देने सम्पूर्ण भारत में अस्मिता हाकी का आयोजन किया जा रहा है । इसी संदर्भ में राजनांदगाँव में आयोजित प्रतियोगिता में राष्ट्रीय स्तर की जोन से संबंधित कुल चार टीमें महाराष्ट्र, मध्य प्रदेश, राजस्थान सहित मेजबान छत्तीसगढ़ की टीमों ने भाग लिया। प्रतियोगिता के संयोजक मृणाल चौबे ने बताया कि इस प्रतियोगिता में प्रथम चार स्थान तक आने वाली टीमों को नगद राशि देकर पुरस्कृत किया जाएगा, जिसमे प्रथम पुरस्कार 180000 /- द्वितीय पुरस्कार 144000 तीसरा और चौथा पुरस्कार 90000 है ! प्रतियोगिता के सभी मैच राउंड राबिन लीग आधार पर खेले गई जिसमें हॉकी मध्यप्रदेश ने पहला स्थान प्राप्त करते हुए तथा मेजबान छत्तीसगढ़ दूसरे स्थान प्राप्त करते हुए फाइनल में जगह बनाई। तीसरे स्थान पर महाराष्ट्र रही वहीं हॉकी राजस्थान चौथा स्थान प्राप्त किया है। प्रतियोगिता का फाइनल मैच व समापन समारोह कल सुबह साढ़े सात बजे जिला आयोजित होगा । इस अवसर पर छत्तीसगढ़ हाक़ी के अध्यक्ष फ़िरोज़ अंसारी सहित सम्पूर्ण आयोजन समिति ने समस्त खेल प्रेमी दर्शकों से उपस्थिति की अपील की है!




## परिक्षेत्र स्तरीय समारोह तुमड़ीबोड़-टप्पा में 25 मार्च को

### भव्य रूप में मनाई जाएगी माता कर्मा जयंती

**राजनांदगांव (नांदगांव टाइम्स)।** समाज में एकता, संस्कृति और श्रद्धा का प्रतीक भक्त माता कर्मा जयंती इस वर्ष भी बड़े ही धूमधाम और उत्साह के साथ मनाई जा रही है। परिक्षेत्र तुमड़ीबोड़ एवं इकाई टप्पा के संयुक्त तत्वाधान में आयोजित यह परिक्षेत्र स्तरीय समारोह 25 मार्च 2026 बुधवार को आयोजित होगा। कार्यक्रम में समाज के गणमान्य जनों सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं की उपस्थिति रहने की संभावना है। आयोजकों ने बताया कि यह समारोह हर वर्ष समाज की परंपरा और आस्था को आगे बढ़ाने के उद्देश्य से आयोजित किया जाता है। इस वर्ष भी कार्यक्रम को भव्य रूप देने की तैयारी पूरी कर ली गई है। पूरे आयोजन में धार्मिक, सांस्कृतिक और सामाजिक गतिविधियों का समावेश रहेगा जिससे समाज के सभी वर्गों को जोड़ने का प्रयास किया जाएगा। कार्यक्रम की रूपरेखा दिनांक: 25 मार्च 2026 (बुधवार) स्थान: स्कूल मैदान, टप्पा समय: प्रात: 09 बजे कलश शोभा यात्रा शाम 04 बजे अतिथि सम्मान एवं उद्बोधन कार्यक्रम सुबह निकाली जाने वाली कलश शोभा यात्रा पूरे क्षेत्र में भक्ति और उत्साह का माहौल बनाएगी वहीं शाम को अतिथियों के सम्मान एवं प्रेरणादायी उद्बोधनों का आयोजन होगा। कार्यक्रम में समाज और क्षेत्र के कई प्रतिष्ठित जन शामिल होंगे जिनमें प्रमुख रूप से: मुख्य अतिथि डॉ. निरेन्द्र साहू, अध्यक्ष, छत्तीसगढ़ प्रदेश साहू संघ, रायपुर प्रमुख अतिथि दलेश्वर साहू, विधायक, डोंगरगांव विधानसभा क्षेत्र भागवत साहू, अध्यक्ष, जिला साहू संघ, राजनांदगांव अध्यक्षता शिवराम साहू, अध्यक्ष, तहसील साहू संघ, डोंगरगांव विशेष अतिथि मदन साहू, सोनूराग साहू, श्रीमती जया तिमेश साहू, श्रीमती सरिता मदन साहू, कोमल साहू, लोकेश्वरी सिन्हा, श्रीमती भुनेश्वरी साहू, भुवाल साहू, श्रीमती सुनीता नरेन्द्र साहू, डकेश्वर साहू, पुरुषोत्तम साहू सहित अनेक जनप्रतिनिधि एवं सामाजिक कार्यकर्ता उपस्थित रहेंगे। इसके अतिरिक्त हेमन्त साहू, इंद्रसेन साहू, गोपालदास साहू, भगवानदास साहू, गरीबादास साहू, ओमप्रकाश साहू, राधिका साहू, प्रीति साहू, योगेश कुमार साहू, भगतराम साहू, रमेश कुमार साहू सहित समाज के कई सक्रिय सदस्य आयोजन में सहयोग करेंगे। आयोजक समिति ने क्षेत्र के सभी समाजजनों से अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होकर कार्यक्रम को सफल बनाने की अपील की है। यह आयोजन समाज की एकता, परंपरा और संस्कृति को सशक्त करने का एक महत्वपूर्ण अवसर है। आयोजक परिक्षेत्र साहू संघ, तुमड़ीबोड़ एवं ग्राम साहू संघ, टप्पा होंगे।



## शक्तिधाम महाकाली मंदिर में पंचमी पर मां महाकाली का भव्य श्रृंगार, भक्तों की उमड़ी भीड़

### अष्टमी हवन पश्चात नि:संतान दंपत्तियों को दिया जायेगा अभिमंत्रित श्रीफल एवं भभूति



**राजनांदगांव (नांदगांव टाइम्स)।** शहर के वार्ड नंबर 1, बाबुटोला स्थित शक्तिधाम महाकाली मंदिर में चैत्र नवरात्र महोत्सव हर्षोल्लास के साथ मनाया जा रहा है। इस दौरान मंदिर में सात दिवसीय महालक्ष्मी महायज्ञ का आयोजन भी किया गया है। यज्ञ शाला का परिक्रमा करने बड़ी संख्या में श्रद्धालु पहुंच रहे हैं।

नवरात्र के पंचमी के शुभ अवसर पर मां महाकाली का विशेष मनोरम श्रृंगार किया गया। श्रृंगार देखने के लिए बड़ी संख्या में भक्त पहुंचे और माता के दर्शन कर आशीर्वाद लिया। मंदिर में महाआरती के बाद जस जगराता का आयोजन किया गया, जिसमें भक्त देर रात तक भजनों में झूमते रहे। मंदिर के प्रमुख गुरुदेव श्री हरीश यादव ने बताया कि इस वर्ष नवरात्र महोत्सव में श्रद्धालुओं की संख्या दिन-प्रतिदिन बढ़ रही है। पंचमी के दिन भीड़ आम दिनों की तुलना में अधिक रही। सात दिवसीय महालक्ष्मी महायज्ञ में दूर-दूर से श्रद्धालु शामिल हो रहे हैं और उनकी आस्था देखने लायक है। मंदिर समिति के अध्यक्ष अखिलेश बंजारा ने बताया कि आगामी अष्टमी तिथि को सर्व व्याधि निवारण हेतु उड्डीस तंत्र के तहत 21 साधकों द्वारा अभिमंत्रित धूप का नि:शुल्क वितरण किया जाएगा। इसके साथ ही नि:संतान दंपत्तियों को संतान प्राप्ति के लिए माता की अर्जी, श्रीफल और अभिमंत्रित औषधि भी मुफ्त दी जाएगी। अभिमंत्रित धूप और औषधि के लिए नामांकन 25 मार्च की रात 8 बजे तक अनिवार्य है। शक्तिधाम महाकाली मंदिर में नवरात्र के दौरान भक्तों का उत्साह और आस्था देखते ही बन रही है। पंचमी के दिन मां महाकाली के भव्य श्रृंगार और भजन संध्या ने भक्तों के दिलों को भक्तिमय कर दिया।



## लखोली में जलकुंभी से पटा तालाब अब होगा साफजनसहयोग से शुरू हुआ सफाई अभियान

### विसर्जन में हो रही परेशानियों को देखते हुए नगर निगम और जन प्रतिनिधियों ने संभाली कमान, छोटे-बड़े तालाब को बनाया जाएगा स्वच्छ

**राजनांदगांव (नांदगांव टाइम्स)।** शहर के लखोली वार्ड क्रमांक 35 स्थित शीतला मंदिर के पास बने छोटे और बड़े तालाब में फैली जलकुंभी ने आमजन के लिए बड़ी समस्या खड़ी कर दी थी। विशेष रूप से धार्मिक आयोजनों के दौरान विसर्जन में लोगों को भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा था। इस स्थिति को गंभीरता से लेते हुए अब तालाबों की सफाई का कार्य शुरू कर दिया गया है। लखोली वार्ड क्रमांक 35 के शीतला मंदिर के समीप स्थित छोटे और बड़े तालाब लंबे समय से जलकुंभी से पूरी तरह पटे हुए थे। छोटे तालाब में जहां जवारा और देवी विसर्जन किया जाता है वहीं बड़े तालाब में गणेश विसर्जन होता है। लेकिन जलकुंभी के अत्यधिक फैलाव के कारण विसर्जन के दौरान श्रद्धालुओं को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा था। इसी समस्या को ध्यान में रखते हुए आज से तालाबों की सफाई का कार्य शुरू कर दिया गया है। इस अभियान में नगर निगम के महापौर मधुसूदन यादव के सहयोग से जनहित मोर्चा के अध्यक्ष देवेंद्र मोहन लाल देबू तथा वार्ड क्रमांक 35 के पार्षद एवं चेयरमैन डिलेश्वर प्रसाद साहू के मार्गदर्शन में कार्य किया जा रहा है। अभियान के तहत तालाबों से जलकुंभी निकालने का कार्य तेजी से शुरू किया गया है। श्री साहू ने बताया कि इस बार लक्ष्य है कि छोटे और बड़े दोनों तालाबों को पूरी तरह जलकुंभी मुक्त किया जाए ताकि आगामी धार्मिक आयोजनों में लोगों को किसी भी प्रकार की परेशानी न हो। उन्होंने यह भी कहा कि यह कार्य जनसहयोग से किया जा रहा है जिसमें स्थानीय नागरिक भी बढ़-चढ़कर हिस्सा ले रहे हैं। जनभागीदारी से ही इस अभियान को सफल बनाया जाएगा और तालाबों को स्वच्छ एवं उपयोगी बनाया जाएगा। स्थानीय लोगों ने भी इस पहल की सराहना करते हुए उम्मीद जताई है कि जल्द ही दोनों तालाब स्वच्छ और सुंदर रूप में नजर आएंगे।



CMYK

nandgaon times march-24-5.qxd 3/23/2026 11:57 PM Page 2



# डोंगरगांव में जिला स्तरीय मां कर्मा जयंती समारोह एवं सामूहिक आदर्श विवाह संपन्न

## 6 जोड़े वर वधू विवाह सूत्र में बांधे , आदर्श विवाह सामाजिक हिंदू रीति रिवाज के अनुसार व गायत्री मंत्रोंचार से सम्पन्न कराया



**डोंगरगांव ( नांदगांव टाइम्स )।** साहू समाज द्वारा आयोजित जिला स्तरीय मां कर्मा जयंती समारोह और सामूहिक आदर्श विवाह सामाजिक हिंदू रीति रिवाज के अनुसार 6 जोड़े वर वधू का आदर्श विवाह गरिमामय पूर्ण मां कर्मा भवन मटिया डोंगरगांव में संपन्न हुई।

कार्यक्रम की शुरुआत साहू समाज की आराध्य देवी मां कर्मा माता की पूजा अर्चना कर सभी सामाजिक बंधुओं ने मां कर्मा की पूजा अर्चना कर महाआरती की गई , तत्पश्चात सामूहिक आदर्श विवाह में पहले दुल्हन को तेल हल्दी कार्यक्रम कराया गया जिसमें समाज की महिलाएं बड़ी संख्या में शामिल होकर कार्यक्रम संपन्न कराई,

**हजारों की संख्या में बराती शामिल हुए,**

सामाजिक बंधुओं ने जिलेभर से पहुंचे हजारों की संख्या मेंआदर्श विवाह में बारात के रूप में शामिल हुए ,बारात में शामिल हुए सभी सामाजिक बंधु मटिया वार्ड में नाचे गाजे बाजे के साथ गली भ्रमण किया,बारात में शामिल हुए बाराती जमकर थिरके, जगह-जगह स्वागत किया, बारात वापस मां कर्मा भवन पहुंचे , जहां पर वर वधु को पंडित द्वारा वरमाला से एक दूसरे को पहनाते हुए विवाह संपन्न कराया गया ,कार्यक्रम में जिले भर से पहुंचे सामाजिक बंधुओ ने छह जोड़ पर वधु को साहू समाज द्वारा नगद राशि सहित पंचरतन सामग्री दी गई उपस्थित साहू समाज के लोगों ने वर वधु को आशीर्वाद दिया गया ,

**छह वर वधु विवाह सूत्र में बंधे,**

जिला स्तरीय मां कर्मा जयंती समारोह और सामूहिक आदर्श विवाह में छत्तीसगढ़ के 6 जोड़े वर वधू जो विवाह परिणाम सूत्र में बंधे गए हैं उनमें से महेश साहू संग नीलकुमारी साहू परसाडीह, सिंबदी बालोद ,भीषण साहू संग प्रिया साहू सरोरा बिरगांव रायपुर, लक्ष्मीनारायण साहू संग लतासाहू गिधवा भटगुना, विजय साहू संग नोशिल साहू सिंघोला मोखली ,विवेक साहू संग पायल साहू बगरूटोला बरसनटोला , लिकेश साहू संग अंजनी साहू जेवरतला मोखला ,के साथ सामाजिक नियमानुसार विवाह संपन्न हुई सभी वर वधु को साहू समाज द्वारा विवाह प्रमाण पत्र वितरण किया गया ,जिला स्तरीय मां कर्मा जयंती और सामूहिक आदर्श विवाह में सभी उपस्थित सामाजिक बंधुओं ने आशीर्वाद दिया ,छत्तीसगढ़ साहू संघ के प्रदेश अध्यक्ष डॉ नरेंद्र साहू और उनकी धर्मपत्नी धनेश्वरी साहू ने कन्यादान किया गया , जिला स्तरीय मां कर्मा जयंती सामूहिक आदर्श विवाह समारोह कार्यक्रम में प्रमुख अतिथि के रूप में सांसद संतोष पांडे डॉक्टर नीरेंद्र साहू अध्यक्ष छत्तीसगढ़ साहू संघ , विधायक दलेश्वर साहू ,कोमल सिंह राजपूत ,मोतीलाल साहू ,शशिकांत साहू ,भागवत साहू , छन्नी साहू ,अंजू त्रिपाठी अध्यक्ष नगर पंचायत, टीलेश्वर साहू, किरण साहू , विवेक साहू , खुमान साहू,राजेश साहू ,शेखर साहू, शिवराम साहू ,चुरामन साहू, गिरधर साहू ,गणेश साहू, शामिल हुए थे समस्त अतिथियों को समाज के द्वारा शाल श्रीफल गमछा देकर सम्मान किया गया , जिला स्तरीय मां कर्मा जयंती समारोह आदर्श हुआ कार्यक्रम को संबोधित करते हुए सांसद संतोष पांडे ने कहा मां कर्मा के बताए मार्ग पर चलने और उनके आदर्शों को पालन करने के साथ लोगों को मां कर्मा से प्रेरणा लेना चाहिए साहू समाज द्वारा एक बहुत ही अच्छा प्रेरणादायक कार्यक्रम किया गया है जो कम खर्चे में गरीब मध्यम परिवार की मदद करते हुए विवाह संपन्न कराया गया है इससे समाज को एक नई दिशा मिलती है साहू समाज ने आदर्श विवाह की शुरुआत छत्तीसगढ़ में सबसे पहले की गई है इसलिए साहू समाज को सबसे बड़े समाज होने का




दायित्व मिला है साहू समाज में सामाजिक एकता समरतता तथा अनुशासन और संगठित कर आदर्श विवाह को प्राथमिकता देते हुए एक प्रकार से गरीब लोगों की मदद करने में साहू समाज आगे आया है ,कार्यक्रम में क्षेत्रीय विधायक दलेश्वर साहू और छत्तीसगढ़ साहू संघ के अध्यक्ष डॉ नरेंद्र साहू के अलावा अन्य अतिथियों ने भी संबोधित किया। जिला स्तरीय मां कर्मा जयंती और सामूहिक आदर्श विवाह कार्यक्रम का सफल संचालन जिला साहू संघ के महामंत्री नीलमणि साहू और हिमाचल साहू ने किया कार्यक्रम को सफल बनाने में जिला साहू संघ के अध्यक्ष भागवत साहू महामंत्री नीलमणि साहू, माधव साहू, शिवराम साहू, सुरेंद्र साहू ,पार्षद डीकेश साहू ,कोमल साहू ,पुरुषोत्तम साहू, नोबेल साहू ,यशवंत साहू , जगमोहन साहू ,पूनम साहू , डेरहीन साहू ,एलन साहू ,लोकेश्वरी साहू ,शीतल साहू ,चित्ररेखा साहू, सुनीता साहू नेहा साहू कुलेश्वरी साहू, सुमन ,मंजू ,भुनेश्वरी ,एवं साहू समाज के सामाजिक बंधुओं का सराहनीय सहयोग रहा।

## प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश व अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की अध्यक्षता में किया गया कारागार निरीक्षण

पदमराज सिंह ठाकुर



**कबीरधाम( टाइम्स )।** राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण एवं सालसा के निर्देशानुसार गठित च्बोर्ड ऑफ विजिटर्सच्च् तथा माननीय सर्वोच्च न्यायालय द्वारा गठित च्एम्पावर्ड समितिच्च् द्वारा कबीरधाम में कारागार निरीक्षण 23 मार्च को प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश श्रीमती सत्यभामा अजय दुबे, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के सचिव अमन तिग्गा, अतिरिक्त कलेक्टर नरेन्द्र पैकरा, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक पुष्पेन्द्र सिंह बघेल, लोक निर्माण विभाग से एलआर छतरे एवं जेल मैनुअल 2016 के तहत गठित समिति के अन्य सदस्यगणों के साथ किया गया। इस दौरान जेल के बैरकों, जाति आधारित भेदभावपूर्ण प्रथायें, स्नानागार, जेल परिसर में स्वच्छता एवं बंदियों के भोजन एवं स्वास्थ्य सुरक्षा पर अवलोकन कर निरीक्षण किया गया। उन्होंने जेल परिसर का निरीक्षण करते हुए बैरकों की क्षमता, चिकित्सा एवं स्वास्थ्य सुविधा, स्वच्छता एवं बैरकों में रखे जाने वाले बंदियों की संख्या, रसोई कक्ष की स्वच्छता, पीने के पानी तथा भोजन की गुणवत्ता, बंदियों के लिए खेल एवं व्यायाम के साधन व प्रशिक्षण की जानकारी, जेल परिसर के बागवानी की स्वच्छता के संबंध में भ्रमण कर जानकारी ली गई।

# लोधी समाज का शक्ति प्रदर्शन : वीरांगना महारानी अवंतीबाई लोधी के 168वें बलिदान दिवस पर प्रदेश स्तरीय भव्य आयोजन, 6 प्रतिमाओं का लोकार्पण, समाज ने रखी बड़ी मांगें

**डोंगरगढ़ ( नांदगांव टाइम्स )।** अमर शहीद वीरांगना महारानी अवंतीबाई लोधी जी के 168वें बलिदान दिवस के अवसर पर छत्तीसगढ़ लोधी समाज द्वारा कबीरधाम जिले के ग्राम सेमरिया में प्रदेश स्तरीय भव्य कार्यक्रम रविवार को आयोजित किया गया। इस अवसर पर सेमरिया, गोछिया, दानी घटोली, भाटकुडेरा, सिंगापुरी एवं कु. दुनिया सहित 6 ग्रामों में वीरांगना महारानी अवंतीबाई लोधी जी की नवनिर्मित प्रतिमाओं का लोकार्पण किया गया। कार्यक्रम में छत्तीसगढ़ शासन के मुख्यमंत्री माननीय श्री विष्णु देव साय जी मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। अति विशिष्ट अतिथि के रूप में गृह मंत्री श्री विजय शर्मा जी एवं विधायक श्रीमती भावना बोहरा जी शामिल हुईं। कार्यक्रम की अध्यक्षता छत्तीसगढ़ लोधी समाज के प्रदेश अध्यक्ष श्री घनश्याम वर्मा जी ने की। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय जी ने कबीरधाम जिले में लोधी समाज के लिए 50 लाख रुपये की लागत से भवन निर्माण की घोषणा की तथा अन्य मांगों पर परीक्षण उपरांत कार्यवाही का आश्वासन दिया। इस अवसर पर



गृह मंत्री, विधायक एवं प्रदेश अध्यक्ष ने भी अपने विचार व्यक्त किए साथ ही स्वागत भाषण जिला अध्यक्ष संतोष कौशिक ने की। इस अवसर पर छत्तीसगढ़ लोधी समाज के प्रदेश कोषाध्यक्ष एवं वरिष्ठ कांग्रेस नेता विष्णु लोधी ने अपने उद्बोधन में कहा कि 20 मार्च केवल एक तिथि नहीं, बल्कि त्याग, साहस और स्वाभिमान का प्रतीक है। उन्होंने कहा कि महारानी अवंतीबाई लोधी केवल लोधी समाज की नहीं, बल्कि पूरे राष्ट्र की वीरांगना एवं देश की शान हैं, जिनका बलिदान सदैव प्रेरणा देता रहेगा। कार्यक्रम में छत्तीसगढ़ लोधी समाज की ओर से मुख्यमंत्री को प्रदेश स्तरीय मांग पत्र सौंपा गया। इसमें प्रमुख रूप से वीरांगना रानी अवंतीबाई लोधी बोर्ड के गठन, रायपुर मंडी गेट स्थित प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र का नामकरण, बजट 2026-27 में राजनांदगांव जिले के ग्राम मुसरा में महाविद्यालय स्थापना एवं उसका नामकरण, तथा रामा टोला स्थित वीरांगना महारानी अवंतीबाई लोधी महाविद्यालय में राजनीतिक विज्ञान के पद सृजन एवं वाणिज्य संकाय के पुनर्जीवन की मांग शामिल है। कार्यक्रम में प्रमुख रूप से पूर्व विधायक कोमल जंघेल, पूर्व विधायक गिरिवर जंघेल, पूर्व प्रदेश अध्यक्ष कमलेश वर्मा, संरक्षक फेरू राम वर्मा,छत्तीसगढ़ लोधी समाज के महामंत्री कृष्ण कुमार सिगौर, संगठन मंत्री जीवन कौशिक, अंकेक्षक विमल पटेल, महिला प्रदेश अध्यक्ष दशमत जंघेल, युवा प्रदेश अध्यक्ष सुरेश सिगौर, सभी जिलों के जिला अध्यक्ष, महामंत्री व सभी सर्किल अध्यक्ष एवं बड़ी संख्या में समाज के गणमान्य नागरिक, माताएं-बहनें एवं युवा उपस्थित रहे।

# 0 समाधान योजना के तहत सभी पात्र उपभोक्ताओं को लाभ दिलाना ही पहली प्राथमिकता - एमडी कंवर

**राजनांदगांव ( नांदगांव टाइम्स )।** छत्तीसगढ़ पॉवर डिस्ट्रीब्यूशन कम्पनी के प्रबंध निदेशक श्री भीमसिंह कंवर द्वारा मुख्यमंत्री बिजली बिल भुगतान समाधान योजना (एमबीबीएस) के प्रभावी क्रियान्वयन हेतु राजनांदगांव जिले में आयोजित शिविरों का औचक निरीक्षण किया गया। प्रबंध निदेशक श्री कंवर ने समाजसेवी श्री नीरज बाजपेयी के साथ ग्राम बोरी में आयोजित शिविर में उपस्थित बिजली उपभोक्ताओं को योजना के लाभ और पात्रता की विस्तृत जानकारी साझा की। इस शिविर में समाधान योजना के तहत बीपीएल, निम्नदाब घरेलू और अशासकीय कृषि श्रेणी के कुल 13 हितग्राहियों का त्वरित पंजीयन किया गया। एमडी श्री कंवर ने शिविर स्थल पर योजना के तहत पंजीकृत उपभोक्ता को किस्तों में बकाया राशि भुगतान की सुविधा प्रदान करने के निर्देश दिये। इस दरमियान उनके द्वारा पीएम सूर्य पीएम सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना एवं समाधान योजना के हितग्राहियों को प्रमाण देकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर प्रबंध निदेशक श्री कंवर ने कहा कि इस योजना के तहत सभी पात्र उपभोक्ताओं को लाभ दिलाना ही हमारी पहली प्राथमिकता होनी चाहिए। मुख्यमंत्री बिजली बिल भुगतान समाधान योजना (एमबीबीएस) के सफल क्रियान्वयन हेतु पात्र हितग्राहियों को चिन्हांकित कर अधिकाधिक संख्या में जोड़ा जाए। पंजीयन की प्रक्रिया को सरल एवं पारदर्शी बनाकर इस योजना के दायरे में आने वाले



बीपीएल, निम्नदाब घरेलू और अशासकीय कृषि श्रेणी के बिजली उपभोक्ताओं को प्रोत्साहित किया जाए। सभी मैदानी अधिकारी योजना को अधिक प्रभावी बनाने के लिए युद्धस्तर पर जुट जाए। इस योजना के क्रियान्वयन में कोताही बिल्कुल भी बर्दाश्त नहीं की जाएगी। एमडी श्री कंवर ने पीएम सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना के हितग्राहियों से फीडबैक लेकर अन्य उपभोक्ताओं लाभ दिलाने हेतु संकल्प लेने का आह्वान किया। मुख्यमंत्री बिजली बिल भुगतान समाधान योजना के तहत उन्होंने उपभोक्ताओं से अपील करते हुए कहा है कि कोरोना काल के दौरान उत्पन्न आर्थिक कठिनाइयों के कारण बीपीएल, निम्नदाब घरेलू और अशासकीय कृषि श्रेणी के कई उपभोक्ता 31 मार्च 2023 तक अपने बिलों का भुगतान नहीं कर पाए थे। मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय के नेतृत्व में छ0ग0 सरकार ने ऐसे उपभोक्ताओं का बोझ कम करने के लिए इस रियायती योजना को लागू किया है। इस जनकल्याणकारी योजना का अधिक से अधिक लाभ उठाएं और समय पर अपने बकाया बिलों का भुगतान कर छूट प्राप्त करें। इस अवसर पर राजनांदगांव क्षेत्र के कार्यपालक निदेशक श्री शिरीष सेलट, अधीक्षण अभियंता राजनांदगांव वृत श्री शंकेश्वर कंवर, ईई श्री कौशलेन्द्र पाण्डे, सहायक अभियंता श्री कुबेर सिंह मरकाम, कनिष्ठ अभियंता श्रीमती मोनिका शाह मंडावी सहित ग्राम बोरी के गणमान्य नागरिक उपस्थित हुए। योजना के तहत मिलने वाली छूट का विवरण:-1. निष्क्रिय उपभोक्ताओं के लिए (31 मार्च 2023 के पूर्व):- ऽ बीपीएल श्रेणी मूल राशि पर 75 प्रतिशत की छूट और अधिभार (सरचार्ज) पर 100 प्रतिशत की छूट। घरेलू श्रेणी मूल राशि पर 50 प्रतिशत की छूट और अधिभार पर 100 प्रतिशत की छूट। कृषि श्रेणी (स्थायी/अस्थायी): मूल राशि पर 50 प्रतिशत की छूट और अधिभार पर 100 प्रतिशत की छूट। सक्रिय उपभोक्ताओं के लिए (31 मार्च 2023 के पूर्व):- बीपीएल श्रेणी (5 वर्ष से अधिक बकाया): मूल राशि पर 75 प्रतिशत और अधिभार पर 100 प्रतिशत की छूट। बीपीएल श्रेणी (1 से 5 वर्ष तक बकाया): मूल राशि पर 50 प्रतिशत और अधिभार पर 100 प्रतिशत की छूट।

# शासकीय दिग्विजय स्वशासी स्नातकोत्तर महाविद्यालय, के विद्यार्थियों द्वारा 'लोकभवन रायपुर ' का भ्रमण



**राजनांदगांव ( नांदगांव टाइम्स )।** शासकीय दिग्विजय स्वशासी स्नातकोत्तर महाविद्यालय, राजनांदगांव के विद्यार्थियों द्वारा ' शहीद वीरनारायण सिंह स्मारक एवं जनजातीय स्वतंत्रता सेनानी संग्रहालय' , नवा रायपुर एवं 'लोकभवन रायपुर ' का भ्रमण किया गया। उक्त शैक्षणिक भ्रमण प्राचार्य डॉ. सुचित्रा गुप्ता के निर्देशन एवं अंग्रेजी विभाग के विभागाध्यक्ष डॉ. अनीता शंकर के मार्गदर्शन में किया गया। संग्रहालय के माध्यम से विद्यार्थियों के लिए आदिवासी संस्कृति, सभ्यता एवं जीवन शैली को समझने हेतु अभिनव पहल रही। ए आई तकनीक , क्यू आर कोड जैसे डिजिटल माध्यम से आदिवासी संस्कृति एवं जनजाति समाज का स्वतंत्रता संग्राम में योगदान के गौरवशाली इतिहास को प्रदर्शित किया गया है। संग्रहालय में आदिवासी संस्कृति को जीवंत एवं डिजिटल तकनीक के माध्यम से प्रदर्शित किया गया । भ्रमण के दौरान लोक भवन के अधिकारियों एवं कर्मचारियों द्वारा लोक भवन के संपूर्ण परिसर का भ्रमण कराया गया और वहां की व्यवस्था एवं कार्य प्रणाली से अवगत कराया गया। सचिवालय की उपसचिव श्रीमती निधि साहू के द्वारा सचिवालय कार्य प्रणाली एवं प्रशासनिक व्यवस्था से विद्यार्थियों को अवगत कराया गया । उनके द्वारा विद्यार्थियों के साथ संवाद के दौरान भ्रमण के अनुभव के बारे में जानकारी ली गई।


## नाम परिवर्तन

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि, मैं देवेंद्र सिंग गरचा (DEVENDRA SINGH GARCHA) S/O हरबंस सिंग गरचा (HARBANS SINGH GARCHA) निवास स्थान HOUSE NO. 26, SAHDEV NAGAR, RAJNANDGAON, CHHATTISGARH यह शपथ करता हूँ कि, मैंने अपना पुराना नाम को त्याग कर नया नाम देवेंद्र सिंग गरचा ((DEVENDER SINGH GARCHA) S/O हरबंस सिंग गरचा (HARBANS SINGH GARCHA) रख लिया है।

अतः आज से मेरे समस्त शासकीय एवं अर्धशासकीय व अन्य सभी दस्तावेजों में मेरे देवेंद्र सिंग गरचा (DEVENDER SINGH GARCHA) S/O हरबंस सिंग नए नाम गरचा (HARBAND SINGH GARCHA) के नाम से ही जाना पहचाना जावे।

**DEVENDER SINGH GARCHA**
**HOUSE NO. 26,**
**SAHDEV NAGAR, RAJNANDGAON,**
**CHHATTISGARH 491441**


# लखोली में जल संकट पर फूटा जनाक्रोश - युवा कांग्रेस का उग्र प्रदर्शन, मटके फोड़कर सरकार को दी चेतावनी

**राजनांदगांव ( नांदगांव टाइम्स )।** शहर के लखोली क्षेत्र में भीषण जल संकट को लेकर आज युवा कांग्रेस ने सड़कों पर उतरकर जोरदार और आक्रामक प्रदर्शन किया। युवा कांग्रेस के राष्ट्रीय सचिव निखिल द्विवेदी के नेतृत्व में सैकड़ों कार्यकर्ताओं और स्थानीय नागरिकों ने सरकार के खिलाफतीखा विरोध दर्ज कराया। प्रदर्शन के दौरान कार्यकर्ताओं ने खाली मटकों पर प्रदेश के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय, विधानसभा अध्यक्ष रमन सिंह, महापौर मधुसूदन यादव, डिप्टी सीएम अरुण साव सहित अन्य जिम्मेदार नेताओं की तस्वीरें चिपकाकर उन्हें सरेआम फोड़ा और सरकार की विफल नीतियों के खिलाफ जोरदार प्रदर्शन कर जमकर नारेबाजी की।

लखोली क्षेत्र में पिछले कई महीनों से पानी की समस्या विकराल रूप ले चुकी है। आम जनता बूंद-बूंद पानी के लिए तरस रही है, महिलाएं और बच्चे रोजाना दूर-दूर तक पानी के लिए भटकने को मजबूर हैं, लेकिन प्रशासन और सरकार गहरी नींद में सोई हुई है। कई बार शिकायतों और मांगों के बावजूद अब तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं होना सरकार की संवेदनहीनता और लापरवाही को उजागर करता है। इस पर निखिल द्विवेदी ने सरकार पर तीखा हमला बोलते हुए कहा कि यह सरकार पूरी तरह से जनविरोधी और विफल साबित हो चुकी है 211 करोड़ की अमृत मिशन योजना फेल हो गई, निजी



कॉलोनी को पानी तीन टाइम पहुंच रहा है लेकिन जनता परेशान है । लखोली की जनता प्यास से त्रस्त है और सरकार सिर्फ दिखावटी घोषणाओं में व्यस्त है। अगर सरकार को जनता की तकलीफ दिखाई नहीं देती, तो यह मटके फोड़ने का प्रदर्शन एक चेतावनी है, आने वाले समय में यही आक्रोश सड़कों से लेकर सदन तक गूंजेगा। अगर जल्द पानी की व्यवस्था नहीं सुधरी, तो युवा कांग्रेस उग्र आंदोलन छेड़ेगी और सरकार को जवाब देने पर मजबूर करेगी। प्रदेश कांग्रेस कमेटी के मीडिया पैनलिस्ट अभिमन्यु उदय मिश्रा, दीनू साहू सहित क्षेत्रवासियों ने सरकार को सीधे निशाने पर लेते हुए कहा कि आज हालात इतने खराब हो चुके हैं कि लोगों को पीने के पानी के लिए संघर्ष करना पड़ रहा है। यह सिर्फ प्रशासनिक विफलता नहीं, बल्कि जनता के साथ खुला अन्याय है। सरकार के जिम्मेदार लोग केवल फोटो और प्रचार तक सीमित हैं, जमीनी हकीकत से उनका कोई लेना-देना नहीं है। हमने मटके फोड़कर यह संदेश दिया है कि अब जनता चुप नहीं बैठेगी। अगर जल्द समाधान नहीं हुआ, तो हर गली-मोहल्ले में यही विरोध और तेज होगा। प्रदर्शन के दौरान कार्यकर्ताओं ने स्पष्ट चेतावनी दी कि यदि लखोली क्षेत्र में तत्काल और स्थायी समाधान नहीं किया गया, तो आने वाले दिनों में बड़ा जनआंदोलन खड़ा किया जाएगा, जिसकी पूरी जिम्मेदारी प्रशासन और सरकार की होगी। युवा कांग्रेस ने मांग की है कि लखोली क्षेत्र में नियमित और पर्याप्त जल आपूर्ति सुनिश्चित की जाए, टैंकर मुक्त शहर का सपना दिखाने वाले पहले टैंकर व्यवस्था को पारदर्शी बनाए और और जिम्मेदार अधिकारियों पर तत्काल कार्यवाही हो उक्त कार्यक्रम में पूर्व पार्षद द्वय शरद पटेल, गणेश पवार, दीनू साहू, सौरभ तिवारी, प्रदेश कांग्रेस मीडिया पैनलिस्ट अभिमन्यु मिश्रा, विप्लव शर्मा, राजा यादव, दीपक सिन्हा, मोहित कोचरे, हर्ष मधु साहू, दीपक सोनकर, लोकेश मरकाम, देव, परमानंद, ओंकार दीक्षित सहित बड़ी संख्या में वार्डवासी उपस्थित रहे ।

## शुभांक

2-4-0

399-1 278-7

## भाग्यांक

689-3 356-4


## नाम परिवर्तन

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता हैं कि मैं त्रिलोक कुमार पिता भावसिंग निवासी ग्राम-मेरेगांव पो.-खलारी थाना-तहसील डोंगरगढ़ जिला-राजनांदगांव छ0ग0 का निवासी हूं मेरे आधार कार्ड मे नाम तिलोक कुमार TILOK KUMAR पिता भवसिंह BHAVSINGH अंकित हैं जिसे परिवर्तन कर एव अब मेरा पूरा नाम त्रिलोक कुमार TRILOK KUMAR पिता भावसिंग BHAVSING के नाम से जाना एव पहचाना जावे । सूचना जाने

**भवदीय**
**(त्रिलोक कुमार)**
**ग्राम-मेरेगांव पो.-खलारी**
**तहसील डोंगरगढ़**
**जिला-राजनांदगांव छ.ग.**



**न्यायालय तहसीलदार डोंगरगढ़ के न्यायालय मे मामला क्रमांक: 202603092200022**

मामले की श्रेणी:- राजस्व
सनः- 2025-2026
विषय:- ब-121
डोंगरगढ़ प.ह.न. 00025 [(हे0) ]
पक्षकारों का विवरण - आवेदक पक्षकार नेहरु लाल पटेल,
अनावेदक पक्षकार -

**ईश्तहार**

एतद् द्वारा सर्व सधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक नेहरु लाल पटेल आ. श्रीधर पटेल जाति अघरिया निवासी बरेकेल तहसील व जिला महासमुंद द्वारा आवेदन पेश किया गया है कि आवेदक के पुत्र मनीष कुमार पटेल पिता नेहरु लाल पटेल का मृत्यु दिनांक 04/02/2018 को रेल्वे लाईन डोंगरगढ़ में हुआ है, के नाम पर मृत्यु प्रमाण पत्र प्रदाय किये जाने बाबत आवेदन पत्र प्रस्तुत किया है। अतः उपरोक्त संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति को उजर व दावा हो तो वह ईश्तहार प्रकाशन दिनांक 06/04/2026 उसके पूर्व स्वयं या अधिवक्ता के माध्यम से प्रस्तुत कर सकते है। निर्धारित समयावधि बाद प्राप्त दावा आपत्ति पर कोई विचार नही किया जावेगा। यह ईश्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से आज दिनांक 19/03/2026 को जारी किया जाता है।

सील — तहसीलदार डोंगरगढ़

## ज्ञान मंथन

*1) हाल ही में भारत के किस शहर में जैवदीप्त तरंगें देखी गईं?*
*2) नीति घाटी, जो खबरों में देखी गई थी, किस राज्य/केंद्र शासित प्रदेश में स्थित है?*
*3) तेलंगाना में मूसी नदी के पुनर्जीवन के लिए किस दक्षिण कोरियाई नदी परियोजना को मॉडल के रूप में उपयोग किया जा रहा है?*
*4) गेलफू च्माइंडफुलनेस सिटीज् परियोजना किस देश द्वारा शुरू की गई है?*
*5) आयरन बीम, जिसे इज़राइल ने विकसित किया है, किस प्रकार का हथियार है?*

RamaQuiz (Pappu Ganesh )



## उत्तर माला

(1) चेन्नई (2) नई दिल्ली (3) हान नदी (4) भूटान (5) हाई एनर्जी लेजर वेपन सिस्टम

# पत्रकारों की सुरक्षा सरकार की प्राथमिकता में शामिल - विजय शर्मा

## अविनाश ठाकुर बने प्रदेश अध्यक्ष, अनिल अग्रवाल ने सम्हाली प्रदेश महासचिव की कमान, छ ग श्रमजीवी पत्रकार कल्याण संघ की सामान्य सभा धर्मनगरी कबीरधाम में संपन्न

**पदमराज सिंह ठाकुर**



**कबीरधाम( नांदगांव टाइम्स )।** अर्बन मेरिज पैलेस रुपजीवन हॉस्पिटल के सामने लोहारा रोड कवर्धा में संपन्न छ. ग श्रमजीवी पत्रकार कल्याण संघ की द्वि वार्षिक सामान्य सभा के दौरान कवर्धा के जुझारू पत्रकार अविनाश ठाकुर को प्रदेश अध्यक्ष तथा प्रदेश महासचिव के पद पर गंडई के अनिल अग्रवाल को निर्वाचित घोषित किया गया। ये घोषणा निर्वाचन अधिकारी रविन्द्र वाटाने ने कार्यक्रम के मुख्य अतिथि और प्रदेश के उप मुख्यमंत्री विजय शर्मा की उपस्थिति में की । इस दौरान जिला पंचायत, जनपद पंचायत और बीजेपी संगठन के कई वरिष्ठ नेता भी मंच पर मौजूद थे । अपने संबोधन में उप मुख्यमंत्री विजय शर्मा ने कहा कि पत्रकार लोकतंत्र का चौथा स्तंभ है। और पत्रकारों की सुरक्षा सरकार की प्रमुखता में शामिल है । पत्रकार सुरक्षा कानून लागू करने के संदर्भ में उन्होंने कहा कि वे मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय जी से मिलकर चर्चा करेंगे । प्रदेश के गृहमंत्री के तौर पर उन्होंने अपने संबोधन में कहा कि नक्सलवाद आज समाप्ति के कगार पर पहुंच चुका है और इस काम में छत्तीसगढ़ के पत्रकारों की भी बहुत बड़ी भूमिका रही है। नवनिर्वाचित प्रदेश अध्यक्ष अविनाश ठाकुर और प्रदेश महासचिव अनिल अग्रवाल को बधाई देते हुए उन्होंने कहा कि यह दोनों पत्रकार अपनी पत्रकारिता के साथ समय समय पर सामाजिक दायित्वों का निर्वहन भी बखूबी करना जानते हैं। इन दोनों के नेतृत्व में निश्चित रूप से प्रदेश के पत्रकारों के हित में कई काम होंगे , ऐसा मेरा विश्वास है । गृहमंत्री विजय शर्मा ने यह भी कहा कि वह हमेशा पत्रकारों के साथ खड़े रहते हैं और आगे भी खड़े रहेंगे। प्रदेश अध्यक्ष अविनाश ठाकुर और प्रदेश महासचिव अनिल अग्रवाल के साथ फिलहाल 10 लोगों को कार्य समिति में शामिल किया गया है जिनमें मनोज गोस्वामी, विजय लांडगे, टी सूर्या राव , इजहार अहमद, विजय तिवारी, श्याम भोजवानी, निशा मसीह, पूर्णिमा शुक्ला, अखिलेश जायसवाल और हरि ओम श्रीवास को शामिल किया गया है । प्रदेश अध्यक्ष अविनाश ठाकुर ने कहा है कि जल्द की कार्यसमिति का विस्तार किया जाएगा । सामान्य सभा के दौरान बीजापुर , जगदलपुर , कोंडागांव , नारायणपुर , कांकेर अंबिकापुर , मनेंद्रगढ़ , कोरिया बलरामपुर , सूरजपुर , बिलासपुर , रायगढ़ और दुर्ग जिले से सैकड़ो की संख्या में पत्रकार शामिल हुए । प्रदेश के उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा से पत्रकारों द्वारा मांग की गई कि टोल नाकों पर लगने वाले टैक्स से पत्रकारों को राहत दिलाने के लिए शासन स्तर पर पहल करें, पत्रकारों के इलाज के लिए गठित पत्रकार कल्याण कोष की राशि 2 लाख से बढ़ाकर 5 लाख रुपए की जाए । जिस पर उन्होंने कहा कि वह पत्रकारों के कल्याण से संबंधित जो भी मांगे हैं , उनको मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के सामने रखकर हल कराने का प्रयास करेंगे। कार्यक्रम के अंत में प्रदेश के दूर दराज क्षेत्रों से आए प्रदेश पदाधिकारियों , संभागीय पदाधिकारियों एवं जिला अध्यक्ष व ब्लॉक अध्यक्षों को स्मृति चिन्ह भेंटकर सम्मानित किया गया। पत्रकार सम्मेलन एवं सामान्य सभा में बस्तर से राजेश प्रसाद, विदोष चंदेल, सुनील मर्सकोले, चारामा ब्लॉक अध्यक्ष संतोष ओझा, सुमन कार्तिक, अनिल सेठिया, सरगुजा से राजेश राज गुप्ता, खगेंद्र यादव , राजकुमार केसरवानी , राजेश प्रसाद, इमरान , अशोक , बिलासपुर मस्तूरी से विजय सुमन , रघु यादव , हरिओम श्रीवास , धर्मजयगढ़ ब्लॉक अध्यक्ष सजल मधु , बेमेतरा से दिनेश दुबे , पप्पू रवानी , ममता ग्वालवंशी , आनंद साहू , योगेश राजपूत , सुरेंद्र भीवर, खिलेश घृतलहरे, अरुण सोनी , अनीश मेमन , अमित पाटले , भरत चतुर्वेदी , कवर्धा से दीपक ठाकुर , शैलेन्द्र उपाध्याय , चंद्रशेखर शर्मा , महेश मिश्रा , अजय यादव , सतीश पात्रे , संजीव पांडे , श्रीकांत उपाध्याय , सूर्या चंद्रवंशी , संतोष भारद्वाज , संजय यादव , जितेंद्र तिवारी , सूरज मानिकपुरी , सौरभ नामदेव , भुनेश्वर वैष्णव , संजीव मिश्रा , हिरेंद्र गोप , गुलाब चंद्रवंशी , अंजली चंद्रवंशी ,अंकिता शर्मा , मेघा यादव , बसंत नामदेव, दीपक माग्रे , जीवन साहू, महेन्द्र पाटले, रायपुर से भूपेंद्र तिवारी , डोमन यादव, मनोज वर्मा दुर्ग जिला अध्यक्ष पी मोहन , राहुल त्रिपाठी , कपिल साहू , जय शंकर आचारी, संजीव तिवारी के नेतृत्व में सैकड़ों पत्रकार सम्मिलित हुए । कार्यक्रम का संचालन पूर्व प्रदेश अध्यक्ष बी डी निजामी ने और आभार प्रदर्शन श्याम भोजवानी ने किया ।

## गांव गांव घर घर गायत्री यज्ञ अभियान जारी

**डोंगरगांव ( नांदगांव टाइम्स )।** गायत्री परिवार की ओर से जन्म शताब्दी संकल्प कार्यक्रम के अंतर्गत चलाए जा रहे यज्ञ अभियान के तहत



गांव-गांव एवं घर घर में गायत्री यज्ञ संपन्न कराने का कार्यक्रम लगातार चल रहा है। ग्राम गोडलवाही में बुंदेश्वरी साहू एवं डॉक्टर दिग्विजय साहू के प्रयास से एवं गायत्री परिवार के कार्यकर्ताओं के सहयोग से 24 घरों में यज्ञ संपन्न कराया गया । इस यज्ञ कराने से गांव का वातावरण गायत्रीमय हो गया है ।बालोद जिला एवं राजनांदगांव जिला के कई गांव से यज्ञ संपन्न कराने आचार्य लोग पित्त वस्त्र धारण कर आए हुए हैं ।राजनांदगांव जिला के जिला प्रमुख जयप्रकाश सिन्हा ने स्वयं उपस्थित होकर गांव गांव घर घर जाकर घरों में यज्ञ संपन्न कराया जा रहा है। इस कार्यक्रम में ग्रामवासी और घर वालों की सहभागिता से उनके सराहनीय योगदान से सम्पन्न कराया जा। इस यज्ञ से ग्राम में उत्साह का माहौल है। गायत्री परिजनों ने निकट भविष्य में 108 घरों में यज्ञ संपन्न कराने का संकल्प किया है।

# विश्व जल दिवस पर कवर्धा में जनजागरूकता कार्यक्रम का हुआ आयोजन

## जल संरक्षण का लिया गया संकल्प

**पदमराज सिंह ठाकुर**




**कबीरधाम( नांदगांव टाइम्स )।** विश्व जल दिवस के अवसर पर पीजी कॉलेज, कवर्धा डोम में जल जीवन मिशन अंतर्गत भव्य जनजागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में जनप्रतिनिधियों, पंचायत प्रतिनिधियों एवं आम नागरिकों की सहभागिता रही। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में जिला पंचायत अध्यक्ष कबीरधाम श ईश्वरी साहू उपस्थित रहीं। विशिष्ट अतिथियों में सभापति जिला पंचायत सदस्य श्रीमती पूर्णिमा साहू, जिला पंचायत सदस्य प्रतिनिधि लोकचंद साहू, मिलु साहू, नरेंद्र मानिकपुरी, कार्यपालन अभियंता लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी खंड कबीरधाम डी.एस. राजपूत तथा सहायक अभियंता गोपाल प्रसाद ठाकुर सहित बड़ी संख्या में सरपंच एवं विभागीय अधिकारी-कर्मचारी शामिल हुए। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि द्वारा दीप प्रज्वलन के साथ किया गया। इसके पश्चात सभी उपस्थितजनों को जल संरक्षण की शपथ दिलाई गई, जिसमें जल के सदुपयोग, संरक्षण एवं अपव्यय रोकने का संकल्प लिया गया। मुख्य अतिथि ईश्वरी साहू ने अपने संबोधन में कहा कि जल जीवन का आधार है और प्रत्येक नागरिक का कर्तव्य है कि वह जल संरक्षण को अपनी प्राथमिक जिम्मेदारी समझे। अन्य वक्ताओं ने भी जल संरक्षण के महत्व पर प्रकाश डालते हुए जनभागीदारी को आवश्यक बताया।

## 26 मार्च रामनवमी को मटन मार्केट बंद

**राजनांदगांव ( नांदगांव टाइम्स )।** राज्य शासन के निर्देशानुसार रामनवमी के उपलक्ष्य में 26 मार्च दिन गुरूवार को नगर निगम सीमाक्षेत्र में स्थित पशुवध गृह एवं मटन मार्केट पूर्णरूपेण बंद रहेंगे। नगर निगम आयुक्त श्री अतुल विश्वकर्मा ने स्वास्थ्य विभाग को उक्त दिवस पर पशुवध एवं विक्रय कार्य पूर्णत: प्रतिबंधित सुनिश्चित करने कहा है। आयुक्त श्री विश्वकर्मा ने स्वास्थ्य विभाग को उक्त दिवस पर मांस विक्रय करते पाये जाने पर मांस जप्त करने एवं संबंधित के विरूद्ध यथोचित कानूनी कार्यवाही करते हुये 5 हजार रूपये तक जुर्माना करने के निर्देश दिये है। उन्होंने समस्त स्वच्छता निरीक्षकों को उक्त दिवस को अपने अपने क्षेत्र में पर्यवेक्षण करने के निर्देश दिये है।

## निधन

**जालम सिंह परिहार**



**डोंगरगढ़ ( नांदगांव टाइम्स )।** स्थानीय वरिष्ठ अधिवक्ता व बमलेश्वरी मंदिर ट्रस्ट समिति के मंत्री महेंद्र सिंह परिहार के बड़े भाई जालम सिंह परिवार का 76 वर्ष की उम्र में आकस्मिक निधन हो गया वे कुछ दिनों से अस्वस्थ चल रहे थे उनका अंतिम संस्कार 24 मार्च मंगलवार को जेल रोड स्थित मुक्तिधाम में सुबह 11:30 बजे किया जाएगा। वे अपने पीछे भरा पूरा परिवार छोड़ गए। उनके निधन पर राजपूत समाज बमलेश्वरी मंदिर ट्रस्ट समिति विश्व जागृति मिशन सहित अन्य सामाजिक संगठनों ने शोक संवेदना व्यक्त की है।

## निधन

**नारायण सिंह कुंजाम**



**कलकसा ( डोंगरगढ़ )।** नारायण सिंह कुंजाम कलकसा निवासी 72 वर्ष का देर रात अकस्मात निधन हो गया। कुंजाम सहज सरल स्वभाव के धनी थे। वे गोंड समाज मुड़ा परिक्षेत्र के अध्यक्ष नरोत्तम कुंजाम के ज्येष्ठ भ्राता थे। अपने पीछे एक पुत्र दो पुत्री सहित भरा पूरा परिवार को छोड़कर चले गए। इनके अंतिम संस्कार में गोंड समाज के प्रमुख गण एवं आस पास सहित अधिक संख्या में ग्रामीण जन उपस्थित रहे।

# भंते संघ के सानिध्य में मनाई जाएगी डॉ. भीमराव अंबेडकर जयंती



**राजनांदगांव ( नांदगांव टाइम्स )।** बौद्ध समाज द्वारा 14 अप्रैल को डॉ. बाबासाहेब अंबेडकर जयंती को भव्य रूप से मनाने के उद्देश्य से एक महत्वपूर्ण बैठक का आयोजन किया गया। यह बैठक आदरणीय भंते संघ के नेतृत्व एवं मार्गदर्शन में संपन्न हुई, जिसमें समाज के सभी वार्ड अध्यक्षों एवं सक्रिय कार्यकर्ताओं ने भाग लिया। बैठक के दौरान उपस्थित सदस्यों ने अपने-अपने विचार प्रस्तुत किए और सर्वसम्मति से यह निर्णय लिया गया कि इस वर्ष डॉ. भीमराव अंबेडकर जयंती को एकजुट होकर भव्य और गरिमामय तरीके से मनाया जाएगा। सभी ने इस आयोजन को सफल बनाने के लिए सामूहिक सहयोग और सहभागिता पर जोर दिया। बौद्ध समाज के मीडिया प्रभारी विनोद श्रीरंग ने जानकारी देते हुए बताया कि इस आयोजन को विशेष रूप देने के लिए आदरणीय भंते संघ के मार्गदर्शन में एक आयोजन समिति का गठन भी किया गया है, जो कार्यक्रम की रूपरेखा तैयार कर उसे सफल बनाएगी। बैठक में समाज के सभी वार्डों के अध्यक्षों की सक्रिय उपस्थिति रही, जिससे यह स्पष्ट हुआ कि समाज इस आयोजन को लेकर पूरी तरह संगठित और उत्साहित है। इस संबंध में जानकारी बौद्ध कल्याण समिति के विनोद श्रीरंगे एवं मनीष सिमनकर द्वारा साझा की गई।

# माँ कामाख्या धर्मादा ट्रस्ट के द्वारा प्रसाद वितरण किया गया



**रायपुर ( नांदगांव टाइम्स )।** माँ कामाख्या धर्मादा ट्रस्ट के द्वारा नवरात्रि कि पवन पर्व पर माँ खंल्लारी माता मंदिर तलाब के पास बोरिया खुर्द,रायपुर में हलवा प्रसाद वितरण किया गया। इस कार्य में संगठन प्रभारी डॉ. नीता गुरुगोस्वामी,जनसंपर्क प्रभारी सुश्री नागेश्वरी नीतू साहू,श्रीमति गैंदी बाई सिन्हा और ट्रस्ट के पदाधिकारी उपस्थित रहे। राष्ट्रीय अध्यक्ष परम पूज्य गुरुदेव श्री संकर्षण शरण जी गुरुजी ने इस पवित्र कार्य के लिए सबको साधुवाद दिए।

# 10 करोड़ की सड़क डामरीकरण को निगम आयुक्त क्यों नही बनवा रहे है कलेक्टर से हस्तक्षेप की मांग- ओस्तवाल



**राजनांदगांव ( नांदगांव टाइम्स )।** शहर की जन-जन की आवाज एवं पूर्व पार्षद हेमंत ओस्तवाल ने एक पत्र के माध्यम से राजनांदगांव जिले के तेज तर्रार और ईमानदार कलेक्टर श्री जितेन्द्र यादव जी से यह मांग की है कि राजनांदगांव शहर की जनता की सुविधाओं के लिये डॉ. रमन सिंह जी ने लगभग 10 करोड़ 4 लाख 34 हजार रूपये की सडक़ डामरीकरण की स्वीकृति शहर के 41 सडक़ों के डामरीकरण की स्वीकृति दिनांक 03.09.2024 को नगर निगम को दी थी और स्वीकृति के पश्चात 10 करोड़ के सडक़ डामरीकरण में शासन के नियम विरूद्ध कार्य करवाकर भ्रष्टाचार और गुणवत्ताहीन सडक़ों का डामरीकरण निविदा टेंडर में शासन के नियम विरूद्ध भ्रष्टाचार और का खेल निगम में बैठे भ्रष्ट अधिकारियों और महापौर के खुले संरक्षण में खेला गया और उस भ्रष्टाचार को दबाने हेतु आज तक इतनी तेज गर्मी में जहां पूरे सडक़ों का डामरीकरण होना चाहिये लेकिन दुर्भाग्य यह है कि निगम आयुक्त श्री अतुल विश्वकर्मा और महापौर मधुसूदन यादव जरा भी गंभीर जनता के हित के लिये नही है इसलिये कलेक्टर महोदय से अनुरोध है कि 10 करोड़ के स्वीकृत 41 सडक़ों में कितनी सडक़े किस क्षेत्र की बनी और कितनी सडक़े शेष बचीं उसकी लोक निर्माण विभाग के कार्यपालन अभियंता जैसे वरिष्ठ अधिकारी से जांच करवाकर सडक़ो का खुलासा करवाया क्योंकि उदाहरण के तौर पर गौरवपथ रोड़ जो 1 करोड़ 18 लाख की लागत से स्वीकृति का जो कार्यादेश जारी किया गया।

## धर्म समाचार....

# रजमंडल की अधिष्ठात्री देवी है मां कात्यायनी

**या देवी सर्वभूतेषु शक्तिरूपेण संस्थता।**
**नमस्तस्यै नमस्तस्यै नमस्तस्यै नमो नमः।।**

**रायपुर ( नांदगांव टाइम्स )।** नवरात्रि के छठवें दिन आज माँ दुर्गा के छठवें स्वरूप कात्यायनी की पूजा आराधना की जाती है। माँ को जो सच्चे मन से याद करता है उसके रोग , शोक , संताप , भय आदि सर्वथा विनष्ट हो जाते हैं। जन्म-जन्मांतर के पापों को विनष्ट करने के लिये माँ की शरणागत होकर उनकी पूजा-उपासना के लिये तत्पर होना चाहिये। माँ की उत्पत्ति या प्राकट्य के बारे में वामन और स्कन्द पुराण में अलग-अलग बातें बतायी गई हैं। इसकी जानकारी देते हुये कल्याणी शर्मा ने बताया कि माँ पार्वती का जन्म महिषासुर का वध करने के लिये ऋषि कत्य के घर में हुआ था इसलिये यह देवी कात्यायनी कहलायी। इनकी पूजा आराधना करने से अद्भुत शक्ति का संचार होता है और दुश्मनों का संहार करने में ये सक्षम बनाती है। इनका अस्त्र कमल व तलवार है। आज के दिन साधक का मन आज्ञा चक्र में अवस्थित होता है। यह वृहस्पति ग्रह का संचालन करती है। इनकी चार भुजायें हैं दाईं तरफ का ऊपर वाला हाथ अभयमुद्रा में है तथा नीचे वाला हाथ वर मुद्रा में। माँ के बायीं तरफके ऊपर वाले हाथ में तलवार है व नीचे वाले हाथ में कमल का फूल सुशोभित है। इनका वाहन भी सिंह है। इनका स्वरूप भव्य एवं दिव्य है और ये स्वर्ण के समान चमकीली है। ब्रज की गोपियों ने भगवान कृष्ण को पति रुप में पाने



के लिये कालिंदी यमुना के तट पर इन्हीं की पूजा अर्चना की थी इसलिये ये ब्रजमंडल की अधिष्ठात्री देवी के रूप में भी प्रतिष्ठित है। जिन कन्याओं के विवाह में विलम्ब हो रहा है उन्हें आज के दिन हल्दी की गाँठ चढ़ाकर माँ कात्यायनी की पूजा अवश्य करनी चाहिये। इससे भगवान वृहस्पति प्रसन्न होकर विवाह का योग बनाते हैं और इससे उन्हें मनोवांछित वर की प्राप्ति होती है। - कात्यायनी महामाये , महायोगिन्यधीश्वरि।


नन्दगोपसुतं देवी , पति मे कुरु ते नमः।। माँ कात्यायनी का पसंदीदा रंग लाल है और इन्हें शहद का भोग बेहद पसंद है। इन्हें पीला फूल और पीले रंग का नैवेद्य अर्पित करना चाहिये। इनकी उपासना और आराधना से भक्तों को बड़ी आसानी से अर्थ, धर्म, काम और मोक्ष चारों फलों की प्राप्ति होती है। नवरात्रि के छठवें दिन यानि आज दुर्गा सप्तशती के ग्यारहवें अध्याय का पाठ करना चाहिये। माँ कात्यायनी की पूजा करते समय च्च? ऐं ह्रीं क्लीम चामुण्डायै व ि?च्चैज्ज अथवा च्च? कात्यायनी देव्यै नम:ज्ज मंत्रों का उच्चारण करना चाहिये। नवरात्रि के छठवें दिन प्रसाद में मधु यानी शहद का प्रयोग करना चाहिये। देवी मां को प्रसन्न करने के लिये गुड़ का दान करना चाहिये और नारंगी रंग के कपड़ें पहनने चाहिये।

**कौन है मां कात्यायनी ?**

कत नामक एक प्रसिद्ध महर्षि थे , उनके पुत्र ऋषि कात्य हुये। इसी कात्य गोत्र में विश्वप्रसिद्ध महर्षि कात्यायन उत्पन्न हुये। इन्होंने कई वर्षों तक भगवती पराम्बा की कठिन तपस्या के साथ उपासना की। उनकी इच्छा थी कि मां भगवती उनके घर पुत्री रूप में जन्म ले , उनकी तपस्या से प्रसन्न होकर मां भगवती ने उनकी यह प्रार्थना स्वीकार कर ली। उनकी इच्छानुसार मां भगवती ने आश्विन मास के कृष्णपक्ष की चतुर्दशी के दिन उनके घर पुत्री के रूप में जन्म लिया। इसी कारण से ही इन्हें कात्यायनी कहा जाता है। कुछ समय पश्चात जब दानव महिषासुर का अत्याचार धरती पर बढ़ गया , तब भगवान ब्रह्मा , विष्णु , महेश तीनों ने अपने - अपने अंश का तेज देकर महिषासुर के विनाश के लिये एक देवी को उत्पन्न किया। मां कात?यायनी ने ही अत?याचारी राक्षस महिषाषुर का वध कर तीनों लोकों को उसके आतंक से मुक्त कराया था।महिषासुर का वध करने वाली देवी मां कात्यायनी को महिषासुर मर्दनी के नाम से भी पुकारते हैं। **- कल्याणी शर्मा**

## आखिर क्यों सूर्य देव की पूजा बदल देती है इंसान की किस्मत?

पंडित बलराम मिश्रा बताते हैं कि चैत्र नवरात्र के साथ हिंदू नववर्ष शुरू होता है. वर्ष के आरंभ में सूर्यदेव की आराधना का विशेष महत्व है. वे आरोग्य के दाता हैं. मिथिलांचल में यह परंपरा सदियों से जीवित है. पहले यह मुख्यत: स्थानीय थी, पर अब बिहार, झारखंड, उत्तर प्रदेश और विदेशों में बसे लोग भी इसे अपना रहे हैं.दरभंगा: जैसे ही चैत्र मास के शुक्ल पक्ष की तिथियां निकट आती हैं मिथिलांचल के घर-आंगन सात्विकता और शुचिता की खुशबू से महकने लगते हैं. चैती छठ हिंदू नववर्ष के प्रारंभ में मनाया जाता है. केवल एक व्रत नहीं बल्कि आरोग्य, ऊर्जा और पारिवारिक एकता का महापर्व है. लेकिन क्या आप जानते हैं कि इस कठिन साधना की शुरुआत कब और किसने की? दरभंगा के दो प्रसिद्ध विद्वान पंडित बलराम मिश्रा और पंडित बम-बम चौधरी ने इस महापर्व के रहस्यों की जानकारी दी.



**पांडवों के दुख दूर करने के लिए द्रौपदी ने रखा था व्रत**- पंडित बलराम मिश्रा पौराणिक कथाओं का हवाला देते हुए बताते हैं कि चैती छठ की जड़ें महाभारत काल से जुड़ी हैं. जब पांडव अज्ञातवास के दौरान कष्ट झेल रहे थे, तब माता द्रौपदी ने उनके दुखों के निवारण और परिवार के आरोग्य की कामना से सूर्य देव की कठिन उपासना की थी. माना जाता है कि यहीं से चैती छठ की परंपरा का सूत्रपात हुआ. मिथिलांचल में यह परंपरा सदियों से जीवित है. जो अब बिहार-झारखंड से निकलकर सात समंदर पार तक पहुंच चुकी है.

**आरोग्य के दाता हैं सूर्य, नहाय-खाय से पारण तक का नियम**- पंडित मिश्रा के अनुसार हिंदू नववर्ष के आरंभ में सूर्यदेव की आराधना का विशेष महत्व है. व्रत की शुरुआत नहाय-खाय से होती है. जिसमें अरवा चावल, चने की दाल और कद्दू की सात्विक सब्जी ग्रहण की जाती है. इसके बाद खरना के दिन शुद्ध गुड़-चावल का प्रसाद पाकर व्रती 36 घंटे के निर्जला उपवास में प्रवेश करते हैं. अंत में डूबते और उगते सूर्य को अर्घ्य देने के बाद व्रत का पारण होता है. पंडित बम-बम चौधरी इस महापर्व को वैज्ञानिक दृष्टि से समझाते हैं. उनके अनुसार छठ के दौरान सूर्य की सात किरणें मानव शरीर में प्रवेश कर नकारात्मक ऊर्जा को नष्ट करती हैं. सकारात्मक ऊर्जा का संतुलन बनाती हैं. वे कहते हैं कि सनातन धर्म में सूर्य और छठी मैया प्रत्यक्ष देव हैं. छठ करने से न केवल पापों का नाश होता है, बल्कि निरोग काया की प्राप्ति होती है.

- क्रिकेट किट
- फुटबाल
- हॉकी किट
- योगा मेट

स्वाती स्पोर्ट्स

खिलाड़ियों एवं विद्यार्थियों के लिए विशेष छूट...

क्रिकेट, हॉकी, कबड्डी, वॉलीबॉल, खो- खो, बैडमिंटन, बास्केट बॉल, थ्रो बॉल, शॉपट बॉल, हाई जम्प, बॉक्सिंग रिंग, टेनिस बॉल, स्पोर्ट्स बॉल, रैकेट बैग, स्पोर्ट्स बॉटल, स्पोर्ट्स बैग, बैडमिंटन नेट, स्कोरल टेबल, बोर्ड गेम्स, टी- टी टेबल,टी-टी बॉल, टेबल टेनिस बेट, टी-टी बेट, टैक शूट, जिम सामग्री, स्पोर्ट्स शूज, स्कूल बैग सहित सभी खेल सामग्री उपलब्ध...

स्टेडियम परिसर, कलेक्टोरेट के सामने राजनांदगांव, मो. 99819-65770, 88393-71971

# राजनांदगांव में 'सिलेंडर राज' का सरेंडर

## प्रशासन ने होटल कैटरिंग को धकेला 'चूल्हा युग' में!




**राजनांदगांव। (नांदगांव टाइम्स)।** छत्तीसगढ़ के राजनांदगांव जिले में कमर्शियल एलपीजी सिलेंडर की किल्लत ने सरकारी दावों की कलई खोलकर रख दी है। एक तरफ मां बम्लेश्वरी के दरबार में जाने वाले लाखों श्रद्धालुओं का सैलाब उमड़ रहा है, वहीं दूसरी तरफ सिलेंडर की किल्लत ने पूरे जिले को वापस '**पुरातन युग**' में धकेल दिया है। आलम यह है कि जगह जगह पैदल यात्री की सेवा में लगे पंडाल से लेकर आम होटल कैटरिंग और हलवाई संचालकों तक को अब लकड़ी और कोयले के धुएं में कार्य करने पर मजबूर होना पड़ रहा है।

**कागजों पर आदेश, जमीन पर सन्नाटा, पेट्रोलियम कंपनियों का**

खाद्य विभाग और जिला प्रशासन का दावा है कि उन्होंने व्यवस्था सुधार ली है, लेकिन धरातल पर सच्चाई इसके उलट है। हॉस्पिटल स्कूलों और होटलों को एक निश्चित प्रतिशत सिलेंडर देने का आदेश तो जारी हुआ, लेकिन आपूर्ति के नाम पर केवल '**कागजी घोड़े**' दौड़ा रहे हैं। जब पैदल यात्री की भीड़ के लिए नाश्ता की व्यवस्था करनी हो, या तब प्रशासन का यह ढुलमुल रवैया किसी बड़े संकट को निमंत्रण देने जैसा है।

**कालाबाजारी का 'नंगा नाच'?**

**2100 का सिलेंडर 4000 में!**

एक तरफ सरकारी वितरण प्रणाली ठप्प है, तो दूसरी तरफ निजी गैस कंपनियों की चांदी हो रही है। सूत्रों के मुताबिक, आवश्यक वस्तु अधिनियम की धज्जियां उड़ाते हुए निजी कंपनियां रात के अंधेरे में 19 किलो वाला कमर्शियल सिलेंडर 2100 रुपये के बजाय 3700 से 4000 रुपये की मनमानी कीमत पर बेच रही हैं।

**बड़ा सवाल: क्या इन निजी कंपनियों पर पेट्रोलियम एक्ट लागू नहीं होता?**

**प्रशासनिक मौन:** आखिर किसकी शह पर सरेआम यह लूट मची है और जिम्मेदार अधिकारी कुंभकर्णी नींद क्यों सो रहे हैं?

**घरेलू सिलेंडरों का 'डायवर्जन' और डीएसी सिस्टम पर सवाल**

नियमों के मुताबिक, घरेलू लाल सिलेंडर (14.2 kg) बिना डिलीवरी ऑथेंटिकेशन कोड (DAC) के नहीं मिल सकते। सवाल यह है कि जब बुकिंग और ओटीपी की सख्त प्रक्रिया लागू है, तो ये घरेलू सिलेंडर ब्लैक करने वालों तक कैसे पहुँच रहे हैं? क्या यह वितरकों और विभाग की मिलीभगत का नतीजा है?

**VVIP जिला, फिर भी नीति-नियम शून्य**

विडंबना देखिए कि यह जिला पूर्व मुख्यमंत्री और वर्तमान विधानसभा अध्यक्ष का क्षेत्र है। इसके बावजूद, नवरात्रि जैसे बड़े आयोजन के लिए प्रशासन के पास कोई ठोस '**रीति-नीति**' नहीं है। सेवा पंडालों और भंडारों में भोजन बनाने की समस्या विकराल हो चुकी है। व्यापारी में सिलेंडर उपयोग करने वाले भर-भर के लकड़ियां खरीदने को मजबूर हैं।

**प्रशासन से सीधे सवाल:**

कोटा सिस्टम का क्या आधार है? अगर किसी होटल को स्कूलों को जरूरत का सिर्फ 20 प्रतिशत गैस मिलेगी, तो क्या यात्री और हॉस्टल में रहने वाले विद्यार्थी भूखे रहेंगे?

निजी कंपनियों पर लगाम क्यों नहीं? खुली लूट के बावजूद विभाग की टीम छापेमारी क्यों नहीं कर रही?

सिर्फ अस्पतालों और जेलों को प्राथमिकता क्यों? क्या लाखों की संख्या में आने वाले पदयात्रियों और श्रद्धालुओं की सेवा करने वाली समितियां प्रशासन की प्राथमिकता में नहीं हैं? राजनांदगांव में गैस संकट प्राकृतिक नहीं, बल्कि '**प्रशासनिक विफलता**' है। यदि समय रहते कालाबाजारी नहीं रुकी और आपूर्ति बहाल नहीं हुई, तो धुएं से उठने वाला यह आक्रोश प्रशासन की कुर्सी तक पहुँचने में देर नहीं लगाएगा।

### एलपीजी संकट : अब 14.2 किलो के सिलेंडर में मिलेगी सिर्फ10 किलो गैस? युद्ध के चलते 'राशनिंग' की तैयारी

भारत अपनी जरूरत का एक बड़ा हिस्सा खाड़ी देशों से आयात करता है। ईरान और अमेरिका के बीच बढ़ती सैन्य तनातनी के कारण गैस टैंकरों की आवाजाही ठप हो गई है। स्थिति की गंभीरता को देखते हुए पेट्रोलियम मंत्रालय एक आपातकालीन योजना पर काम कर रहा है।

**1. क्या है प्रस्तावित बदलाव?**

मात्रा में कटौती: वर्तमान में घरेलू गैस सिलेंडर में 14.2 किलोग्राम गैस होती है। प्रस्ताव के अनुसार, सप्लाई को लंबे समय तक खींचने के लिए प्रति सिलेंडर गैस की मात्रा घटाकर 10 किलोग्राम की जा सकती है।

**उद्देश्य:** अधिकारियों का मानना है कि स्टॉक सीमित होने के कारण फुल सिलेंडर देने के बजाय कम मात्रा में गैस देने से ज्यादा से ज्यादा उपभोक्ताओं तक पहुँच बनाई जा सकेगी और बाजार में 'पैनिक बाइंग' (घबराहट में खरीदारी) को रोका जा सकेगा।

**2. ऑयल कंपनियों की चिंता और चुनौतियाँ**

उपभोक्ताओं का भ्रम: ऑयल मार्केटिंग कंपनियों को डर है कि सिलेंडर का आकार वही रहने और गैस कम होने से जनता में भ्रम और नाराजगी पैदा होगी।

**कीमत का गणित:** सबसे बड़ी चुनौती कीमत तय करना है। यदि मात्रा 30त्न कम होती है, तो क्या दाम भी उसी अनुपात में घटेंगे? युद्ध के कारण आयात लागत पहले ही बढ़ चुकी है, जिससे सब्सिडी का बोझ भी सरकार पर बढ़ेगा।

**लॉजिस्टिक समस्या:** सिलेंडरों की री-फिलिंग मशीनों को 10 किलो के हिसाब से कैलिब्रेट करना और वितरण तंत्र को समझाना एक बड़ा टास्क होगा।

**3. 'मजबूरी' का फैसला?**

मंत्रालय के वरिष्ठ सूत्रों के अनुसार, अगले 15 दिनों में अगर हॉर्मुज का रास्ता साफ नहीं हुआ, तो यह फैसला लेना एकमात्र विकल्प बचेगा। सरकार का प्राथमिक लक्ष्य यह सुनिश्चित करना है कि किसी भी घर का चूल्हा पूरी तरह बंद न हो, भले ही गैस कम मात्रा में मिले।

**4. विशेषज्ञों की राय**

आर्थिक विशेषज्ञों का कहना है कि यह एक प्रकार की 'छिपी हुई महंगाई' होगी, जहाँ उपभोक्ता को समान सेवा के लिए बार-बार बुकिंग करानी पड़ेगी और डिलीवरी चार्ज का अतिरिक्त बोझ भी उठाना होगा।

## वार्ड क्रमांक 3 में डामरीकरण सड़क निर्माण का भूमिपूजन संपन्न

**डोंगरगढ़ (नांदगांव टाइम्स)।** नगर के वार्ड क्रमांक 3 में डामरीकरण



सड़क निर्माण कार्य का विधिवत भूमिपूजन नगर पालिका परिषद अध्यक्ष रमन डोंगरे के मुख्य आतिथ्य एवं जनप्रतिनिधियों की गरिमामयी उपस्थिति में संपन्न हुआ। कार्यक्रम में क्षेत्रीय नागरिकों की उल्लेखनीय सहभागिता रही।भूमिपूजन कार्यक्रम के दौरान विधि-विधान से पूजा-अर्चना कर निर्माण कार्य का शुभारंभ किया गया। लंबे समय से जर्जर सड़क की समस्या से जूझ रहे वार्डवासियों ने इस पहल का स्वागत करते हुए हर्ष व्यक्त किया और इसे क्षेत्र की अत्यंत आवश्यक मांग बताया। इस अवसर पर अध्यक्ष रमन डोंगरे ने अपने संबोधन में कहा कि राज्य शासन द्वारा विकास कार्यों को प्राथमिकता दी जा रही है। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के नेतृत्व में प्रदेशभर में आधारभूत संरचनाओं का तेजी से विस्तार हो रहा है, जिसका लाभ डोंगरगढ़ नगर को भी निरंतर मिल रहा है। उन्होंने कहा कि प्रत्येक वार्ड में मूलभूत सुविधाओं को सुदृढ़ करने के लिए नगर पालिका प्रतिबद्ध है। उन्होंने आगे कहा कि इस सड़क निर्माण कार्य के पूर्ण होने से वार्ड क्रमांक 3 के नागरिकों को सुगम आवागमन की सुविधा प्राप्त होगी, जिससे दैनिक जीवन में सहजता आएगी। कार्यक्रम में उपाध्यक्ष उमा महेश वर्मा, सभापति अमित जैन, पार्षदगण हरीश मोटघरे, अनीश निर्मलकर, शिवांगी साखरे, रतन कोसे, राजेश कंडरा, शारदा यादव एवं देवेंद्र साखरे सहित शहर महामंत्री विनय बंसल, महिला मोर्चा अध्यक्ष सविता दरगढ़, वात्सल्य श्रीवास्तव एवं अन्य कार्यकर्ता उपस्थित रहे। कार्यक्रम के अंत में उपस्थित जनप्रतिनिधियों एवं नागरिकों ने विकास कार्यों के लिए शासन-प्रशासन के प्रति आभार व्यक्त किया।

आवश्यकता है

Nursing Staff

(ICU & NICU) – 5 पोस्ट

(ANM, GNM, BSC Nursing)

डी. एन. ए. क्रिटिकल केयर हॉस्पिटल

एक्सिस बैंक के पास , भदोरिया चौक राजनांदगांव (छ.ग.)

मो.न. : 7509154040 , 9343184709

प्रिसिशन इंजी वर्क्स

स्टील अलमारी, स्ट्रोंग रूम गेट

सभी तरह के फेब्रीकेशन वर्क किया जाता है।

पता- इण्डस्ट्रियल एरिया, जीई रोड, राजनांदगांव

मो. 94060-11669

## नवरात्रि में महाकाल मंदिर सिंघोला में अखंड ज्योत प्रज्वलित, भक्तों का उमड़ रहा सैलाब



**सिंघोला (नांदगांव टाइम्स)।** चैत्र नवरात्रि के पावन अवसर पर सिंघोला स्थित प्रसिद्ध महाकाल मंदिर में हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी विधि-विधान से घी की अखंड ज्योत प्रज्वलित की गई है। श्रद्धा और भक्ति के इस विशेष आयोजन में प्रतिदिन बड़ी संख्या में महाकाल भक्त दर्शन हेतु मंदिर पहुंच रहे हैं।

**आस्था और श्रद्धा का केंद्र बना मंदिर**

नवरात्रि प्रारंभ होते ही महाकाल मंदिर में धार्मिक माहौल और भी अधिक भक्तिमय हो गया है।

मंदिर परिसर में माता के जयकारों और भजन-कीर्तन से वातावरण गूंज रहा है। अखंड ज्योत के दर्शन को अत्यंत शुभ माना जाता है, जिसके चलते सुबह से लेकर देर शाम तक भक्तों का तांता लगा रहता है।

**घी की अखंड ज्योत का विशेष महत्व**

धार्मिक मान्यता के अनुसार नवरात्रि में अखंड ज्योत जलाने से घर-परिवार में सुख-समृद्धि और शांति का वास होता है। मंदिर समिति द्वारा विशेष व्यवस्था कर अखंड ज्योत को निरंतर प्रज्वलित रखा जा रहा है, जिससे भक्तजन दर्शन कर पुण्य लाभ अर्जित कर सकें।

**व्यवस्थाओं पर विशेष ध्यान**

मंदिर प्रबंधन से जुड़े पवन डागा द्वारा श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए साफ-सफाई, जल व्यवस्था एवं सुरक्षा के पर्याप्त इंतजाम किए गए हैं। भक्तों से भी अनुशासन बनाए रखते हुए दर्शन करने की अपील की जा रही है।

## आस्था की नगरी डोंगरगढ़ में चैत्र नवरात्रि मेले के दौरान श्रद्धालुओं की सुरक्षा हमारी प्राथमिकता है



**डोंगरगढ़ (नांदगांव टाइम्स)।** आज डोंगरगढ़ अनुविभागीय अधिकारी कार्यालय में विधायक हर्षिता स्वामी बघेल जी के नेतृत्व में प्रशासन को ज्ञापन सौंपा गया। मेले में उमड़ने वाली भीड़ और पदयात्रियों की सुरक्षा को देखते हुए कांग्रेस पदाधिकारियों द्वारा मांग है कि शहर के भीतर भारी वाहनों के प्रवेश पर तत्काल रोक लगाई जाए इसी संबंध मे पूर्व भी अध्यक्ष शहर कांग्रेस कमेटी द्वारा दिनांक 18.3.2026 को इन मार्गों पर स्पीड ब्रेकर बनाने का आवेदन किया था किंतु अभी तक पी.डब्ल्यू.डी. विभाग द्वारा किसी भी प्रकार की कार्यवाही नहीं की गई है। अन्यथा जन भावनाओं को देखते हुए व्यापक जन आंदोलन की स्थिति निर्मित हो सकती है जिसकी समस्त जिम्मेदारी प्रशासन की होगी। उक्त ज्ञापन देने अध्यक्ष शहर कांग्रेस कमेटी हरीश भंडारी ,ग्रामीण अध्यक्ष पंचराम चंदेल, नलिनी मेश्राम, रिमी भाटिया ,संजय यादव, केशव टांडी, पार्षद जय किशोर अंबादे,पार्षद राहुल यादव ,अखिल भाई ,नरेश करसे, राजेश मंडावी ,अंकिलिया बाई,सारिका बघेल, मनोज साहू, प्रमोद टेंभुर्णिकर , बब्बू खान, रूपेश मसीह, गोपाल वर्मा,कीर्तन राम ,धनु लाल, मनोहर साहू ,दुलीचंद बडोले,सुरेंद्र अंबादे,रामेश्वर ,घनश्याम सहित दर्जनो कांग्रेस कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## मोहारा में गौ आरोग्यम का शुभारंभ, घायल गौवंश को अब तुरंत मिलेगा सहारा

### आधुनिक सुविधाओं से लैस केंद्र, जनप्रतिनिधियों ने कहा- गौ सेवा में युवाओं की भागीदारी बढ़ाना जरूरी

**राजनांदगांव (नांदगांव टाइम्स)।** शहर के मोहारा रोड स्थित च्गौ आरोग्यम ङ्क सेवा ही सच्चा धर्म हैज् सेवा केंद्र का सोमवार को विधिवत शुभारंभ किया गया। जीवरत्नम फाउंडेशन की पहल से बने इस केंद्र में अब बीमार, लावारिस और दुर्घटनाग्रस्त गौवंश को उपचार, भोजन और पानी सहित सभी आवश्यक सुविधाएं एक ही परिसर में उपलब्ध होंगी।

करीब 15 हजार वर्गफीट क्षेत्र में विकसित इस केंद्र को आधुनिक व्यवस्थाओं से सुसज्जित किया गया है। यहां जलपात्रों में सीधे नल कनेक्शन, नियमित उपचार व्यवस्था और 24 घंटे केयरटेकर की तैनाती सुनिश्चित की गई है, जिससे गौवंश की सतत निगरानी और देखभाल हो सके। कार्यक्रम में 20 सूत्रीय क्रियान्वयन समिति के पूर्व उपाध्यक्ष खूबचंद पारख, जिला केंद्रीय सहकारी बैंक अध्यक्ष सचिन बघेल, जिला भाजपा अध्यक्ष कोमल सिंह राजपूत, पूर्व महापौर अजीत जैन, जिला शहर कांग्रेस अध्यक्ष जितेन्द्र मुदलियार, नगर निगम अध्यक्ष पारस वर्मा, पूर्व महापौर सुदेश देशमुख, सकल जैन समाज अध्यक्ष विनय ढड्ढा, अजय सिंघी, नगर निगम नेता प्रतिपक्ष संतोष पिल्ले, चेंबर आफ कामर्स अध्यक्ष कमलेश बैद, पशु हॉस्पिटल प्रभारी डॉ. तरुण रामटेके व पार्षद



आलोक श्रोती सहित अनेक जनप्रतिनिधि व गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे। इस अवसर पर वक्ताओं ने गौ सेवा को समाज की संवेदनशीलता से जोड़ते हुए इसे जनभागीदारी का अभियान बनाने पर जोर दिया। खूबचंद पारख ने कहा कि गौवंश की सेवा भारतीय परंपरा का महत्वपूर्ण हिस्सा है और इस दिशा में संगठित प्रयास सराहनीय हैं। सचिन बघेल ने कहा कि ऐसी पहलें समाज में सेवा और सहकार की भावना को मजबूत करती हैं, वहीं कोमल सिंह राजपूत ने युवाओं से आगे आकर गौ सेवा जैसे कार्यों में सक्रिय भागीदारी निभाने का आह्वान किया। केंद्र में प्रतिदिन सुबह 10 बजे से शाम 6 बजे तक चिकित्सक उपलब्ध रहेंगे, जबकि 24 घंटे केयरटेकर तैनात रहेंगे। इससे घायल और बीमार पशुओं को समय पर उपचार मिल सकेगा। संस्था द्वारा रेस्क्यू कार्य के लिए लिफ्टिंग वाहन की व्यवस्था भी की गई है, जिससे दुर्घटनाग्रस्त गौवंश को मौके से केंद्र तक लाने में आसानी होगी और उपचार में देरी नहीं होगी।

**संस्था के पदाधिकारियों ने जताया आभार**

जीवरत्नम फाउंडेशन के अध्यक्ष नमन मुणोत, उपाध्यक्ष कुलदीपक बाफना, कोषाध्यक्ष आकाश पारख, सचिव जैनम बैद, सह-सचिव प्रथम जैन, सदस्य धवल कोठारी, टिंकू संखला,हर्षित बरड़िया, आयुष गिड़िया, दर्श चोपड़ा सहित अन्य पदाधिकारियों ने कार्यक्रम में शामिल अतिथियों एवं नागरिकों के प्रति आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि समाज के सहयोग से ही गौ सेवा का यह अभियान आगे बढ़ेगा और अधिक लोगों को इससे जोड़ने का प्रयास निरंतर जारी रहेगा।

प्रकाशक, सम्पादक व मुद्रक अशोक कुमार पाण्डे द्वारा आसमा पब्लिसर्श इंडिया (प्रा.) लिमिटेड रायपुर से मुद्रित व गंजचौक राजनांदगांव से प्रकाशित, सम्पादक- अशोक कुमार पाण्डे, मो: 94252-43311 Email: nandgaontimes@gmail.com